# नाभिकीय विज्ञान शब्दावली





परमाणु ऊर्जा विभाग के 50 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे विभाग में स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया गया । इस अवसर पर तारापुर परमाणु बिजलीघर ने अपनी गृहपत्रिका "अणुभारती" वर्ष 16 अंक 4 को **"नाभिकीय ऊर्जा स्वर्ण जयंती विशेषांक"**के रूप में प्रकाशित करने के बाद एक **"नाभिकीय विज्ञान शब्दावली"** का प्रकाशन किया।

पॉकेट साइज की इस शब्दावली का विमोचन तापबिघ में राजभाषा हिन्दी त्रैमास के शुभारंभ समारोह में दिनांक 15 जून 2004 को मुख्य अधीक्षक श्री यू. राममूर्ति द्वारा किया गया ।

**"नाभिकीय विज्ञान शब्दावली"** में नाभिकीय विज्ञान से संबंधित लगभग 1500 अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी में प्रचलित रूप या मानक पर्याय दिए गए हैं । इस शब्दावली के अंत में लगभग 200 शब्द परमाणु ऊर्जा विभाग में प्रचलित अनुभागों/विभागों/इकाइयों के नाम एवं पदनाम के साथ-साथ कुछ बहुपयोगी एवं बहुप्रचलित संक्षिप्तिकाओं के विस्तृत रूप भी हिन्दी एवं अंग्रेजी में अलग-अलग भी शामिल किए गए हैं । इसमें वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा स्वीकृत शब्दावली-निर्माण के सिध्दांतों को भी प्रकाशित किया गया है । इस प्रकार यह शब्दावली परमाणु ऊर्जा विभाग एवं न्यू.पावर कार्पोरेशन की इकाइयों में कार्यरत कर्मचारियों में हिन्दी के पर्यायों के प्रचार-प्रसार में काफी उपयोगी एवं लाभप्रद सिध्द होगी ।

इस शब्दावली को संकलित कर प्रकाशित करने में तारापुर परमाणु बिजलीघर के सहायक प्रबंधक (राजभाषा) श्री महावीर शर्मा एवं वरिष्ठ सहायक (राजभाषा) सुश्री अर्चना श्रीवास्तव ने विशेष योगदान दिया है ।







*परमाणु ऊर्जा विभाग के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में निर्माण, सेवा एवं संपदा प्रबंध निदेशालय, पऊवि के श्री एस. बी. जाधव द्वारा सृजित रंगोली*

आर.के. भटनागर, प्रमुख, प्रकाशन प्रभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार, मुंबई-400 001 द्वारा संपादित व प्रकाशित तथा
उनके द्वारा ही राज प्रिंटर्स, मुंबई-400 031 में मुद्रित